

चित्रकूट 25 जुलाई। पिछले 18 वर्षों से अनवरत श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट में अशाढ़ शुक्ल पक्ष त्रयोदशी से सावन कृष्ण पक्ष द्वितीया तक चलने वाला जया गौरी पार्वती व्रत सम्पन्न हो गया। इस पावन व्रत को 125 कुवांरी कन्याओं ने सच्चे मन और पूरी श्रद्धा के साथ किया। कन्याओं द्वारा प्रारंभ के दिन जवारे बोकर भगवान शंकर और माता पार्वती का पूजन कर व्रत का शुभारंभ किया गया था। व्रत के अंतिम दिन रात्रि जागरण किया गया। रात्रि जागरण में  सभी कन्याओं ने अपना–अपना समूह बनाकर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इसमें केवल भक्ति गीत एवं भक्ति से संबंधित नाटक ही प्रस्तुत किये गये। इस रात्रि जागरण के कार्यक्रम में जिन कन्याओं ने अच्छे कार्यक्रम प्रस्तुत किये उनको श्रीमती ऊषा जैन और पोलियो कैम्प में अपनी सेवायें देने आये डा0 एच0के0बखारिया, श्री बच्चू भाई गोकानी के द्वारा पुरुस्कृत किया गया। दूसरे दिन जुलूस निकालकर पूरे गाजे बाजे के साथ जवारों का विसर्जन मां मंदाकिनी में कन्याओं द्वारा किया गया। विसर्जन के बाद सभी कन्याओं ने पारण किया और अपनी सुख समृद्धि और मनचाहे संकल्प की प्राप्ति के लिये भगवान से प्रार्थना की। इसी व्रत को भगवान शंकर को पाने के लिए पार्वती ने बड़े ही विधि–विधान से किया था इसीलिए कन्यायें भी इस व्रत को पूरे विधिविधान से करती हैं। इस व्रत को सुप्रसिद्ध समाज सेवी स्व0 सेठ अरविन्द भाई मफतलाल ने प्रारंभ करवाया था तभी से यह व्रत निरंतर किया जाता है। और भविष्य में भी व्रत श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट के सौजन्य से समाज सेवी ऊषा जैन के नेतृत्व में किया जाता रहेगा ऐंसा संकल्प ट्रस्ट की ओर से लिया गया है।

jktsUnz feJ
tkudh|.M] fp=dwV